हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 18 अगस्त 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 ट्रेनों में रेलयात्रियों को नहीं मिल रही पैर रखने ...



08 महलपुर पाठा पहुंचकर अधिकारियों ने तैयार किया ...



## खबर संक्षेप

### प्रशिक्षण आज होगा

**विदिशा।** पंचायत उन्नति सूचना का विमोचन एवं प्रचार प्रसार तथा पाई 2.0 तहत सभी लाइन विभागों के सूचकांकों की जानकारियां पोर्टल पर प्रविष्टि कार्य सुगमता से संपन्न हो इसके लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण आज 18 अगस्त को जिला पंचायत के सभागार में दोपहर 2 बजे से होगा। जिला पंचायत के सीईओ ओपी सनोडिया में बताया कि प्रशिक्षण में विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित संबंधित जनपदों के सरपंच सचिव मौजूद रहेंगे।

### आर्मी भर्ती रैली 22 से दो सितंबर तक

**विदिशा।** जिले में 22 अगस्त से दो सितंबर तक आर्मी रैली भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। अग्निवीर सेना भर्ती रैली आयोजन अवधि 22 अगस्त से 2 सितंबर तक अभ्यार्थियों के लिए आवश्यक स्टाप पेपरों की प्राप्ति निर्धारित दरों पर हो सकें इसके लिए वरिष्ठ जिला पंजीयक क्षिप्रा सेन द्वारा पहल की गई है।

### मैराथन का आयोजन

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत युवाओं में स्वास्थ्य जागरूकता और नशामुक्त जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रविवार 24 अगस्त को मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।
प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार की सुबह 7 बजे जिला परिवहन कार्यालय से शुरू होकर उदयगिरि पहुंचेगी। वहां से पुनः आरटीओ कार्यालय में संपन्न होगी। कुल दूरी लगभग 12 किलोमीटर निर्धारित की गई है। इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष वर्ग के लिए पृथकदृपृथक पुरस्कार रखे गए हैं तदानुसार प्रथम पुरस्कार 10 हजार रुपए,द्वितीय पुरस्कार 5 हजार रुपए और तृतीय पुरस्कार 3 हजार रुपए प्रदाय किए जाएंगे।

### जन्माष्टमी पर राधाकृष्ण मंदिर में हुआ आयोजन

**कस्बा बागरोद।** जन्माष्टमी के उपलक्ष्य मे ग्राम के प्राचीन श्री राधा कृष्ण मंदिर एवं समर्थ रामदास गुरु महाराज समाधि स्थल पर प्रतिवर्ष अनुसार मोहित कानूनगो मित्र मंडल ने ग्रामीणों के सहयोग से दही हांडी प्रतियोगिता आयोजित की जिसमे गोविंदाओं द्वारा मटकी फोड़ी गई। इस अवसर पर सभी मित्र एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### बांके बिहारी को चांदी का मुकुट किया अर्पण

**विदिशा।** जन्माष्टमी पर्व पर ग्यारसपुर स्थित प्राचीन राज मंदिर, बांके बिहारी मंदिर में धार्मिक आयोजन हुआ। मंदिर में विराजमान भगवान बांके बिहारी, राधा रानी और लड्डू गोपाल के लिए ग्यारसपुर के समाजसेवी तुलाराम कुशवाह के सुपुत्र अजय कुशवाह और उनकी धर्मपत्नी रजनी कुशवाहा ने चांदी के मुकुट अर्पण किए गए। वहीं शोभायात्रा जोशी वाली माता मंदिर से प्रारंभ हुई। डीजे और ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच श्रद्धालु उत्साहपूर्वक नृत्य करते हुए मुख्य मार्ग से होकर मंदिर पहुंचे। मुकुटों को यजमान द्वारा सिर पर रखकर बड़े ही सम्मान और श्रद्धा के साथ मंदिर तक ले जाया गया। मंदिर पहुंचने पर पुजारी आनंद स्वरूप शर्मा ने पूरे वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ भगवान को चांदी के मुकुट समर्पित किए।

### गूंजे जय कन्हैया लाल की के जयकारे

**विदिशा।** झील कुआं हनुमान मंदिर पर कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर पूजारी राजू महाराज और समिति अध्यक्ष पूरनलाल कुशवाह ने बताया कि भजन संध्या में विमल तिवारी द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई। श्रद्धालु भाव विभोर होकर नृत्य करने लगे। कृष्ण जन्मोत्सव में सभी महिला, पुरुष, बालिकाएं, बच्चे, बुजुर्ग काफी संख्या में उपस्थित रहे। रात 12 बजते ही भगवान बाल गोपाल की की आरती की गई। पूरा मंदिर परिसर जय कन्हैया लाल की के जयघोष से गूंज उठा।

## बर्बाद सोयाबीन फसल का निरीक्षण करने पहुंचे केंद्रीय मंत्री बोले

# यह कौन वैज्ञानिक है जिसने कंपनी को बचाने मैनेज होकर रिपोर्ट बनाई, इसका पता लगाओ

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को ग्राम छीरखेड़ा पहुंचकर सोयाबीन की बर्बाद फसलों का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान डीडीओ से कहा कि कंपनी को बचाने के लिए किस वैज्ञानिक द्वारा मैनेज होकर रिपोर्ट बनाई है इसका पता लगाओ। रिपोर्ट में वैज्ञानिक ने दवा में सभी कैमिकल की मात्रा सीमित होने की बात कही है।

**किसानों को हर संभव मदद व असर विहिन दवा विक्रय करने वाली कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया**

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



विदिशा। किसानों के खेतों में पहुंचकर सोयाबीन की फसल का निरीक्षण करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान।

केंद्रीय किसान कल्याण तथा कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विदिशा जिले के अल्प प्रवास के दौरान विदिशा विकासखंड के ग्राम छीरखेड़ा में पहुंचकर किसानों से संवाद कर खरीफ फसलों की जानकारियां प्राप्त की है। इस दौरान गांव वालों ने सोयाबीन की अफलन और असरविहिन दवाओं की शिकायत दर्ज कराई है।

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रवास के दौरान छीरखेड़ा गांव के किसान भगवान सिंह लोधी के खेत में पहुंचकर दवा छिड़काव से क्षतिग्रस्त हुई सोयाबीन की फसल का मौके पर निरीक्षण किया। स्थानीय किसानों ने केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान को फसलों पर कीटनाशक छिड़काव के बाद निर्मित स्थितियों की जानकारियां दी। कृषि मंत्री ने जिन किसानों की फसल कीटनाशक के छिड़काव से नष्ट हो गई है का निरीक्षण कर मदद और संबंधित दवा निर्माता कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों से कहा कि शिकायतें मिली थीं कि दवा के छिड़काव से किसानों की सोयाबीन की फसल जलकर खाक हो गई है, तो उन्होंने तय किया कि वह स्वयं खेतों का निरीक्षण करेंगे। शिवराज सिंह चौहान ने किसानों और कृषि विभाग के अमले के साथ खेतों का निरीक्षण किया और मौके पर किसानों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस विषम परिस्थितियों में किसान भाई अपने आपको अकेला न समझें। पीड़ति किसानों की हर संभव मदद की जाएगी।

### किसानों के खेतों में सोयाबीन की जगह दिख रही खरपतवार

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस दौरान मीडिया से संवाद करते हुए कहा कि खेत में सोयाबीन की फसल जलकर नष्ट हो गई है, खेत में सोयाबीन की जगह खरपतवार दिखाई पड़ रही है। किसी कंपनी की दवाई के छिड़काव से यह फसले नष्ट हुई हैं। इसके लिए एक उच्च स्तरीय वैज्ञानिकों का दल खेतों का निरीक्षण करेगा और जिस कंपनी ने ऐसी दवाई छिड़काव के लिए किसानों को दी है। उसके खिलाफ विधि संगत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### किसानों को राहत देने में कसर नहीं छोड़ेंगे

कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों को राहत देने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे और यह कंपनी की भी जिम्मेदारी है। इसलिए उच्च स्तरीय दल खेतों की जांच करेगा और किसानों को न्याय दिलाया जाएगा। साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि पूरे देश में एक अभियान शुरू होगा ऐसी कंपनियों के खिलाफ जो घटिया नकली और खतरनाक दवाइयां विक्रय करते हैं। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक केएस खपेड़िया ने बताया कि दिल्ली की कीटनाशक दवा निर्माता कंपनी एचपीएम के द्वारा बनाई गई दवा बायोक्लोर निदानाशक दवा बेच नम्बर केई 04 के छिड़काव से फसलो की क्षति हुई हैं कि सूचनाएं पूर्व में प्राप्त हो गई थी। कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देशों पर भी जांच पड़ताल भी की गई और दवा निर्माता कंपनी के खिलाफ पुलिस में प्रकरण दर्ज कराने की कार्रवाई की गई है। निरीक्षण के दौरान विधायक मुकेश टंडन एसडीएम, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# खेत पर मोटर बंद करने गए युवक की मौत, शरीर पर मिले चोट के निशान

## मोबाइल टूटा मिला, परिजन बोले: हत्या की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

- कपड़े फटे हुए थे, शरीर पर कई जगह चोटों के निशान।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम गुरारिया में एक युवक की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान 24 वर्षीय अमित कुशवाह के रूप में हुई है।

शनिवार दोपहर अमित खेत पर मोटर बंद करने गया था। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। शाम 6:30 बजे खेत की मेड़ के पास उसका शव मिला। पास में उसका मोबाइल भी था, जो पत्थर से टूटा हुआ था। मृतक के शरीर पर कई चोट के निशान पाए गए। गले और छाती पर निशान थे। कंधे पर गहरी चोट थी। सिर पर गंभीर घाव था। उसके कपड़े भी फटे हुए थे। इन परिस्थितियों के आधार पर परिजनों का मानना है कि अमित की हत्या की गई है।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों का आरोप है कि अज्ञात व्यक्तियों ने अमित की हत्या की है।

# खेत में काम कर रहे मजदूर की बिजली गिरने से मौत

## बारिश के बीच यह हादसा हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

खेरूहाट गांव में शनिवार शाम एक दर्दनाक घटना सामने आई। खेत पर मजदूरी कर रहे महेश नामदेव की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। महेश नामदेव सुबह से खेत पर काम कर रहे थे।

शनिवार की शाम को अचानक से मौसम खराब हुआ। तेज गर्जना और बारिश के बीच यह हादसा हुआ। ग्रामीणों के अनुसार महेश बिजली की चपेट में आ गए। कुछ लोगों का मानना है कि करंट लगने से भी मौत हो सकती है। मौत के सटीक कारण का पता लगाने के लिए पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है।

### चार बेटियों और एक बेटे का एकमात्र सहारा



मृतक के परिवार में पांच बच्चे हैं। चार बेटियां और एक बेटा है। तीन बड़ी बेटियों की शादी हो चुकी है। एक बेटी और बेटा अभी अविवाहित हैं। परिवार का गुजारा मजदूरी से ही चलता था। महेश की मौत से परिवार की आर्थिक स्थिति और खराब हो गई है। इसी दिन विदिशा शहर की विजयनगर कॉलोनी में भी एक पेड़ पर बिजली गिरी। जोरदार धमाके से आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। हालांकि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

# बालाजी मंदिर में मटकी छेदन का आयोजन हुआ



विदिशा। बालाजी मंदिर में मटकी छेदन के साथ सात दिवसीय बधाई महोत्व और दधिखाने का हुआ समापन।

**विदिशा।** बालाजी मंदिर में रविवार को दधिखाने के साथ 7 दिवसीय बधाई महोत्सव का समापन हुआ। द्वारिकाधीश मंदिर से चल समारोह निकाला गया। धर्माधिकारी चौराह, सत्यनारायण मंदिर की मटकी फोड़ते हुए श्रद्धालु बालाजी मंदिर पहुंचे। जहां मटकी छेदन किया गया। यह करीब 150 साल पुरानी परंपरा है। पंडाजी जगन्नाथ प्रसाद जी द्वारा लिखित बधाई गीत गाए गए।

पुजारी पंडाजी विशाल चतुर्वेदी ने बताया कि कृष्णजन्मोत्सव से 7 दिन पहले से बालाजी मंदिर में बधाईयां शुरू हो जाती हैं। रविवार को मटकी छेदन के साथ महोत्सव का समापन हुआ। समापन पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मटकी छेदन में हिस्सा लिया। अंत में श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई।

### ग्राम पंचायत में वीर सपूतों को दी श्रद्धांजलि

**ग्यारसपुर।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 79वां स्वतंत्रता दिवस ग्राम पंचायत ग्यारसपुर में बड़े ही हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। पंचायत भवन प्रांगण में ग्राम पंचायत सरपंच राजू कुशवाह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर, जनपद उपाध्यक्ष शंकर दयाल शर्मा और जनपद सीईओ सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। ध्वजारोहण के बाद उपस्थित जनसमूह ने देश के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को याद किया। इस अवसर पर अजय गुर्जर ने कहा कि आजादी हमें यूं ही नहीं मिली, बल्कि हजारों स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राणों की आहुति देकर हमें यह अमूल्य आजादी दिलाई। वीर सपूतों ने हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूमा और अपने प्राण न्यौछावर किए, तभी हमें स्वतंत्रता का वरदान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में जनपद सदस्य अनीश खान मंसूरी, समाजसेवी प्रताप सिंह रघुवंशी, पूर्व सरपंच लीलाधर कुशवाहा, स्वदीप रघुवंशी, वार्ड मेंबर भागवत लोधी, कैलाश प्रजापति सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

# स्वैच्छिक सफाई करते युवाओं को देख कलेक्टर ने की तारीफ, सब्जी मंडी में गंदगी देख नाराज

## आयुष कटारे और उनके साथियों की टीम प्रतिदिन करती है सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने रविवार को शहर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। पुराने बस स्टैंड के पास उन्होंने आयुष कटारे और उनके साथियों को स्वैच्छिक सफाई करते देखा। ये युवा हर रविवार शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में सफाई करते हैं। साथ ही अन्य लोगों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करते हैं। कलेक्टर ने युवाओं की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि शहर के युवा सामाजिक जिम्मेदारी निभा रहे हैं, यह संतोषजनक है। निरीक्षण के दौरान सब्जी मंडी क्षेत्र की स्थिति चिंताजनक मिली। वहां कचरे के ढेर लगे थे। सफाई कर्मचारी और जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं मिले। सिर्फ एक कर्मचारी दूर खड़ा दिखा।



विदिशा। सफाई करते देख युवाओं के साथ पहुंचे कलेक्टर अंशुल गुप्ता।

### लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर कार्रवाई के निर्देश

निरीक्षण के दौरान सब्जी मंडी क्षेत्र में कचरे के ढेर और गंदगी फैली हुई मिली। सफाई कर्मचारी और जिम्मेदार अमला मौके पर मौजूद नहीं था। वहीं दुकानदारों ने भी सफाई नही होने की शिकायत की तो कलेक्टर ने सफाई व्यवस्थाओं पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि नगर पालिका के कर्मचारी हर वार्ड में तैनात रहते हैं, लेकिन मौके पर अनुपस्थित रहना गंभीर लापरवाही है। उन्होंने नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर त्वरित कार्रवाई की जाए।

## प्रतियोगिता में बासौदा, सिरोंज, लटेरी से भी शामिल हुए खिलाड़ी

# पहली बार हुई जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता 62 खिलाड़ियों ने खेला शह और मात का खेल

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता।

जिले में पहली बार जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मगधम इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को स्कूल एवं ओपन कैटेगिरी में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने किया।

कलेक्टर ने खिलाड़ियों को जिला स्तर से स्टेट लेवल तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जिला शतरंज एसोसिएशन के अध्यक्ष सोमिल पलोड, उपाध्यक्ष अटल तिवारी, मार्गदर्शक दिलीप सिंह थापा, जिला शिक्षा विभाग के खेल अधिकारी संतोष चतुर्वेदी, श्रवण लड्ढा उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में ओपन और स्कूल दोनों श्रेणियों में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लिया। अंडर-15, अंडर-13, अंडर-11 और अंडर-9 वर्ग में बालक एवं बालिकाओं के अलग-अलग मुकाबले हुए। इसके अलावा ओपन कैटेगरी में शीर्ष 10 खिलाड़ियों को जिला शतरंज एसोसिएशन के अध्यक्ष सोमिल पलोड ने पुरस्कृत किया और विजेताओं को सम्मानित करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन द्वारा किया गया।

प्रतियोगिता में शामिल होने बासौदा डॉल्फिन स्कूल से 13 बच्चे सहित सिरोंज और लटेरी से भी छात्र प्रतियोगिता में भाग लेने आए। वहीं मगधम स्कूल के 15 छात्रों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। कुल 62 खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में शह और मात का खेल लेखा। स्टेट चेस संगठन की ओर से विवेक इंदौर और पवन यादव देवास ने 5 राउंड में खेल संपन्न कराया।

# सॉर्टेक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बने संतोष शर्मा




हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

गिरिराज फूड प्रोडक्ट मिर्जापुर पर सोरटेक्स एसोसिएशन का निर्विरोध चुनाव हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से संतोष शर्मा को संगठन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस दौरान महामंत्री राजू साहू, उपाध्यक्ष अजय साहू, कोषाध्यक्ष अतीन कुमार जैन सर्वसहमति से चुने गए। एसोसिएशन में सदस्य के रूप में राहुल भार्गव, अविनाश तारण, अशोक सिंघाई, विनोद जैन, मधु बाबू अग्रवाल, संजय देवकीर्ति, अनिल जैन, तरुण पीतलिया, दीपक रघुवंशी, आदित्य अग्रवाल मानसिंह रघुवंशी, कपिल अग्रवाल, जितेन जैन, अंकित साहू, गोपी अशोपा, अंकित रघुवंशी, निवेश जैन, सुभानंष जैन सदस्य उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## संगीत का लाइव कार्यक्रम आयोजित




**गंजबासौदा।** गत दिवस स्वतंत्रता दिवस पर विशेष संगीतमय एक शाम शहीदों के नाम 15 अगस्त की संध्या को शहीदों को समर्पित एक विशेष देशभक्ति संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एक्स लाइव प्रोग्राम के माध्यम से प्रस्तुत हुआ, जिसकी मेज़बानी प्रिया शर्मा ने की तथा को होस्ट स्वप्निल श्रीवास्तव रहे। कार्यक्रम का आरंभ देशभक्ति गीतों से हुआ और पूरा वातावरण सुरों और तिरंगे की रंगत में सराबोर रहा। कलाकारों ने अपने मधुर स्वरों से वीर शहीदों को संगीतमय श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिन कलाकारों ने प्रस्तुति दी। उनमें अश्विन सिंह बघेल, गीता, रवि, अनिंदिता कुमार, उदय सिसोदिया, प्रकृति, विमला, राज परमार शामिल हैं।

## युवक पर किया चाकू से हमला, प्रकरण दर्ज

**गंजबासौदा।** बीती रात फ्रीगंज स्कूल के पास जमा असामाजिक तत्वों ने वहां से गुजर रहे एक युवक राहुल यादव पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में घायल राहुल की शिकायत पर पुलिस ने राहुल दिवाकर, अन्नी कुशवाह, प्रशांत अहिरवार, शुभम उर्फ छोटू अहिरवार के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश शुरू कर दी है। यहां उल्लेखनीय है कि फ्रीगंज स्कूल के पास असामाजिक तत्व जमे रहते हैं और वहीं नशा एवं असामाजिक गतिविधियां करते रहते हैं। जिससे यहां रहने वालों ही नहीं बल्कि यहां से निकलने वाले वाहन चालकों को भी परेशानी होती है और रोकटोक करने पर ये तत्व लोगों के साथ झगडा कर उन पर हमला भी कर देते हैं। लोगों ने पुलिस से इन तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# किन्नर गुरु मुन्ना नायक ने की शाला में बोरवेल लगवाने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अपनी उत्तम शिक्षण एवं उच्च स्तरीय सर्व सुविधाओ से युक्त संसाधनों के लिए पूरे जिले में प्रसिद्ध शासकीय प्राथमिक शाला काला पठार के बारे में जानकर किन्नर गुरु मुन्ना नायक मामा गत 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला कालापठार में छात्रो और ग्रामीणों को लड्डू और मिठाई लेकर पहुंचे। शाला मे पहुंचकर शाला की व्यवस्थाओं को देखकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हुई। विद्यालय में छात्रों और शिक्षकों को शाला का नाम लिखी हुई ड्रेस पहने, रसोईया भी ड्रेस में मिले। मां सरस्वती का मंदिर शीतल और साफ पानी के लिए आरओ वाटरकूलर, छात्रों को सीखने हेतू कम्प्यूटर, पढ़ाई हेतू प्रोजेक्टर, एलसीडी, भोजन के लिए डायनिंग, कक्षाओं में शिक्षा अध्ययन करने सुंदर स्टील का फनीर्चर, मनोरंजन और ज्ञानवर्धक पुस्तकालय, शाला की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखने कैमरे, प्रधानाध्यापक कक्ष से संचालित प्रत्येक कमरे में लगे हुए साउण्ड सिस्टम, प्रार्थना और गतिविधियों के लिए साउण्ड, कलर पुट्टी सहित प्रिंट वातावरण जानकारी लिखी हुई सुंदर दीवालें, शाला में सुंदर वृक्ष और फूलों की क्यारियां, सम्पूर्ण शाला मे टाइल्स देखकर छात्रों से चर्चा कर अनुशासन पढ़ाई देखकर मुन्ना मामा प्रसन्न हो गये और शाला प्रभारी प्रथ्वी सिंह रघुवंशी और छात्र छात्राओ को दिल से ढेरो आशीष दिए। खुश होकर मामा ने शिक्षकों से शाला में आवश्यकता के बारे मे पूछा तो शाला प्रभारी ने पानी की कमी बताई। तब उन्होंने झंडाबंधन उपरांत छात्रों और ग्रामवासियों के समक्ष कहा कि में शाला में बोरवेल



लगवाने की घोषणा करता हूं। मैं अपनी तरफ से स्कूल में बोर करबा कर नल लगवाने की व्यवस्था करूंगा। ऐसी सुंदर व्यवस्था मैंने किसी शाला में नही देखी, हमारा फर्ज है कि शाला में शिक्षकों को कोई परेशानी न आए, वह जिस ईमानदारी से काम कर रहे हैं। वह काबिले तारीफ है, अगर शासकीय शालाओं में ऐसे शिक्षक हों तो गरीब ,एससी, एसटी के छात्रो के मन से प्राइवेट शालाओं में पढने की लालसा ही नही रहेंगी और बच्चे शासकीय शालाओं में ही शिक्षा ग्रहण कर आगे बढेंगे। बगैर शासकीय सहयोग के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, शिक्षक साथियों और स्वयं के द्वारा सहयोग करके शाला प्रभारी प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने जिस तरह शाला को उत्कृष्ट, सर्वसुविधा युक्त बनाया है। वह काबिले तारीफ है। इस अवसर पर शिक्षक गोपालदास अहिरवार, कंचन अहिरवार, आरती अहिरवार गंगा सेन, ओमवती लोधी सहित ग्रामवासी और छात्र, छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान शाला प्रभारी और अन्य शिक्षकों ने किन्नर गुरू मुन्ना नायक मामा का आभार व्यक्त किया।

रेलवे परिसर में इलेक्ट्रिक ऑटो चालकों से रेलयात्री, वाहन चालक परेशान

# ट्रेनों में रेलयात्रियों को नहीं मिल रही पैर रखने की जगह, हो रहे परेशान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

त्योहारी सीजन में भोपाल से बीना के बीच चलने वाली एक मात्र मेमू पैसेंजर ट्रेन में यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। रक्षाबंधन जैसे त्योहारों के चलते लोग अपने घरों और रिश्तेदारों के पास जाने के लिए इसी ट्रेन पर निर्भर हैं। यह ट्रेन भोपाल से बीना के बीच 139 किलोमीटर की दूरी तय करती है। रास्ते में हर स्टेशन पर रुकती है।सामान्य दिनों में भी यह ट्रेन किसानों, मजदूरों, नौकरीपेशा और स्थानीय यात्रियों के लिए जरूरी मानी जाती है। लेकिन इन दिनों इसमें सीट मिलना मुश्किल हो गया है। भीड़ इतनी बढ़ गई है कि कई यात्री खड़े होकर या दरवाजों के पास खड़े होकर सफर कर रहे हैं। रेलवे ने टिकट बुकिंग के लिए अतिरिक्त काउंटर और मोबाइल यूटीएस एप की सुविधा बढ़ाई है। इसके बावजूद हालात काबू में नहीं हैं। यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि त्योहारी सीजन में अतिरिक्त मेमू या विशेष ट्रेनें चलाई जाएं, ताकि भीड़ से राहत मिल सके। इसके अलाव अन्य ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ देखी जा रही है। मथुरा, वृंदावन, वैष्णों देवी से आने जाने वाली ट्रेन फुल आ रहीं हैं। इन ट्रेनों की जनरल बोगियों में पैर रखने तक लोगों को जगह नहीं मिल रही है। ट्रेनों में ज्यादा भीड़ होने के कारण महिला, बुजुर्ग और बच्चों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं अपडाउनर्स भी खासे परेशान हो रहे हैं। रेलयात्री आराम से यात्रा करने के लिए रिजर्वेशन कराने की सोचते हैं तो सभी सीटें फुल नजर आती हैं। जिससे रिजर्वेशन से भी यात्रा करना मुसिकल हो गया है।

### इलेक्ट्रिक ऑटो चालकों से बढ़ी यातायात समस्या

**गंजबासौदा।** स्थानीय रेल्वे स्टेशन के बाहर एवं सड़कों पर इलेक्ट्रिक ऑटो चालकों द्वारा मनमाने ढंग से कहीं भी अपने ऑटो खड़े कर दिए जाते हैं एवं तेज गति से ऑटो चलाने रेलयात्रियों, दो पहिया, चार पहिया वाहन चालकों एवं दुकानदारों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों ने बताया कि नगर में अनेक नाबालिग इलेक्ट्रिक ऑटो दौड़ाते नजर आते हैं। जो अव्यवस्थित ढंग से तेज गति से संकरे मार्ग, गलियों एवं जहां थोड़ी जगह दिखती है वहीं से अपने ऑटो निकालने लगते हैं। जिससे अन्य वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं कुछ इलेक्ट्रिक ऑटो चालक अपने ऑटो को कहीं भी खड़ाकर सवारी बैठाने लगते हैं। जिससे जाम की स्थिति तो निर्मित होती ही है साथ ही पैदल राहगीरों, दो पहिया वाहन चालकों, रेलयात्रियों को आवागमन में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

# तारण तरण पाठशाला में कार्यालय का शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस तारण तरण पाठशाला ग्राउण्ड में सुर्दशन समाज उत्थान सेवा समिति के कार्यालय का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक सुरेश देव द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समिति अध्यक्ष अजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि समिति का मुख्य उद्देश्य केंसर से पीड़ित मरीजों के उपचार में सहायता और उनकी जागरुकता के संबंध में कार्य करना है। समिति द्वारा समय समय पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए जाऐंगे, ग्रामीण स्तर पर कैंसर से बचाव हेतु जागरुकता अभियान चलाए जाऐंगे, युवाओं को कैंसर बचाव के लिए फास्ट फूड सहित अन्य पदार्थों के सेवन से बचाव के उपाय बताऐ जाऐंगे। कैंसर से बचाव के लिए कार्यालय का उद्घाटन किया गया है। कार्यालय अध्यक्ष ने बताया कि वह पिछले 33 वर्षों से कैंसर से पीड़ित मरीजों को मुंबई लाना एवं किस प्रकार उपचार होता है जिसकी संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराते हैं, कई बार कैंसर मरीजों को उपचार के लिए मुंबई लेकर जाते हैं जहां उपचार के उपरांत वापिस लेकर आते हैं। इसी मंशा से लगातार बड़ रहे कैंसर के मरीजों को सही एवं विस्तार से जानकारी देने के लिए नगर में इस कार्यालय का शुभारंभ किया गया है। इस अवसर पर कुरवाई विधायक हरि सप्रे, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह जादौन, राजेश तिवारी, सेवा भारती जिलाध्यक्ष राजेश माथुर, नगर सचिव मयंक टांक, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेन्द्र रघुवंशी, वेदांत आश्रम सचिव सौरभ सुहाने, महेश अग्रवाल, रितुज एलिया, सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन समिति उपाध्यक्ष रीतेश रघुवंशी एवं आभार अजय सिंह रघुवंशी द्वारा व्यक्त किया गया।

### आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की बैठक आयोजित

**गंजबासौदा।** मां शीतला धर्मशाला में आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की जिला बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर चर्चा की गई। जिसमें समस्याओं के निदान और मांगों को पूरा न करने की स्थिति में उग्र विशाल आंदोलन करने का आह्वान किया गया। इसी दौरान संघ का विस्तार किया गया। जिसमें सुनील रघुवंशी को सर्व सहमति से जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रांतीय प्रवक्ता राकेश तिवारी ने ई अटेंडेंस और जियो टैग फोटो को तुगलकी फरमान करार देते हुए शिक्षकों से ई अटेंडेंस न लगाने की अपील की। इसके विरोध में प्रदेश स्तरीय रणनीति बनाई जाने की बात कही। वहीं प्रांतीय उपाध्यक्ष सीताराम रैकवार और संभागीय अध्यक्ष दर्शन सिंह ओड़ ने ओल्ड पेंशन योजना और नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि माने जाने की मांग को जन आंदोलन बनाने की रूपरेखा बताते हुए कहा कि यह हमारा अधिकार है जिसे लेकर हम दम लेंगे। कल्पना भावसार और एलआर अहिरवार ने सरकार और वरिष्ठ अधिकारियों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि हमारे साथ प्रारंभिक काल से भेदभाव किया जा रहा है और आज भी किया जा रहा है। जैसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



### श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर हुआ कार्यक्रम आयोजित

**गंजबासौदा।** गत दिवस श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मुरादपुर धाम पर रात्रि 12 बजे आरती की गई। तत्पश्चात भजन संध्या का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं की भीड़ मौजूद रही। संगीतमय भजन संध्या में सुप्रसिद्ध भजन गायक अनिकेत वर्मा खैरागढ़, भजन गायक पूजा ठाकुर विदिशा ढोलक पर विनोद भैया उज्जैन, बैंजो सुनील भैया उज्जैन, ऑक्टोपैड रफ़ीक आजाद भोपाल, सनीकेत वर्मा मौजूद रहे।



# पाठक संघ ने पुण्यतिथि और जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की पुण्यतिथि मनाई गई एवं संत रामकृष्ण परमहंस व अवंतीबाई लोधी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन दीपक तिवारी द्वारा किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले द्वारा विचार व्यक्त करते हुए अटल बिहारी बाजपेई एवं संत रामकृष्ण परमहंस अवंती लोधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा उन्हें सदी का महान नायक बतलाया एवं उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की पुण्यतिथि पर 2 मिनट का मौनधारण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम के अंत में शहर वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर विजय अरोरा, नरेंद्र जैन, अमित सोनी, प्रदीप अरोरा, बबलू राय, कैलाश नेमा, राम सिंह, कल सोनी सहित अनेक पाठकगण उपस्थित थे।




कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां

# नवांकुर में मेधावी विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्वतंत्रता दिवस पर नवांकुर में मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में नवांकुर के कर्मा नृत्य ने प्रथम स्थान प्राप्त किया राष्ट्रीय सेवा योजना नवांकुर इकाई के तत्वावधान में विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया तथा विद्यार्थियों द्वारा मनोहरी परिधानों में आकर्षक और मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गई। इस अवसर पर विद्यालय में पंचतत्व समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी, कोषाध्यक्ष प्रमोद राजपूत, एसजीएस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य आरसी चौगांवकर, लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज के पूर्व प्राचार्य व क्रियाशील प्रगति परिषद के वर्तमान अध्यक्ष सत्यनारायण गौर, विद्यालय की सेवानिवृत्त पूर्व शिक्षिका रेनू श्रीवास्तव व शैलेंद्र कुमार पिंगले उपस्थित थे। कार्यक्रम के आरंभ में ध्वजारोहण किया गया, तत्पश्चात राष्ट्रगान, मध्य प्रदेश गान का सामूहिक रूप से गायन किया गया। अतिथियों का स्काउट दल द्वारा बैंड की धुन बजाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात रंग-बिरंगे मनमोहक परिधानों से सुसज्जित छात्र छात्राओं द्वारा विविधता से परिपूर्ण एक से बढ़कर एक आकर्षक और मनोहारी प्रस्तुतियाँ दी गई। सभी प्रस्तुतियाँ उत्कृष्ट, मनमोहक एवं नृत्य कला सी परिपूर्ण थी। तत्पश्चात मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कक्षा 12 की परीक्षा में राज्य की प्रावीण्य सूची में पाँचवा स्थान हासिल करने वाली विद्यालय की छात्रा रिया पटवा को विद्यालय के शिक्षक अविनाश डोंगरे द्वारा 11000 की नगद पुरस्कार राशि प्रदान की गई, जबकि विद्यालय परिवार द्वारा रिया को 5100 की नगद राशि भेंट कर पुरस्कृत किया गया। जिला स्तर पर विदिशा में आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में भी रिया पटवा को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार विद्यालय के अन्य सभी वर्गों में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। हाई स्कूल की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने पर विद्यालय की छात्रा खुशी जैन और शर्मा को विद्यालय की पूर्व शिक्षिका रेणु श्रीवास्तव द्वारा उनकी सासू मां की स्मृति में शिरोमणि पुरस्कार और उनकी माताजी की स्मृति में लक्ष्मी देवी पुरस्कार के रूप में 1100-1100 की राशि प्रदान की गई। इस मौके पर अतिथिगण सुरेंद्र सिंह दांगी और प्रमोद राजपूत द्वारा विद्यार्थियों को आशीष वचन देकर संबोधित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित ने विद्यार्थियों को आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरणास्पद संबोधन दिया। अंत में सभी अतिथियों को छात्रों द्वारा बनाई गई उत्कृष्ट पेंटिंग भेंटकर सम्मानित किया गया।

### सड़कों पर विचरण करते गोवंश बने राहगीरों की मुसीबत

**गंज बासौदा।** नगर की सड़कों पर एवं वार्डों की गलियों में विचरण करते आवारा गोवंश की समस्या गंभीर होती जा रही है। आए दिन सांड लोगों को घायल कर रहे हैं। नगर के मुख्य मार्गों, पचमा बायपास मार्ग पर गुलाबगंज तक, बेतवा नदी के आगे, अंबानगर चौराहा पर, हतोड़ा, बरेठ रेल्वे ओवरब्रिज पर, लाल पठार ओवरब्रिज पर, स्वरुपनगर क्षेत्र, त्योंदा रोड पर सड़क के बीचों बीच दर्जनों की संख्या में आवारा मवेशी आराम फरमाते नजर आती है। जो पैदल राहगीर, दो पहिया, चार पहिया वाहनों चालकों के लिए मुसीबत बनी हुई है। यह आवारा मवेशी अचानक से सड़क पर इधर उधर भागने लगती है। जिससे वाहन चालक अपना संतुलन खो देता है और दुर्घटना का शिकार हो जाता है। इसमें मवेशियां भी घायल हो जाती हैं।

### श्रीकृष्ण की विशेषताएं अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता

**गंजबासौदा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थित सेवा केंद्र द्वारा श्री कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें श्री कृष्णा की सुंदर झांकी सजाई गई। ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्म से ही इतने महान थे तो अवश्य ही उन्होंने पूर्व जन्म में कोई महान पुण्य किया होगा जिससे ही उन्होंने सर्वश्रेष्ठ देव पद तथा राज्य-भाग्य प्राप्त किया था। श्रीकृष्ण को योगीराज भी कहते हैं। उनके जीवन में किसी वस्तु, भोग्य, आयुष्य आदि की कमी नहीं थी क्योंकि उन्होंने अपने पूर्व जन्म में योगाभ्यास किया होगा। श्रीकृष्ण के नाम के साथ तो श्री की उपाधि का प्रयोग करते हैं परंतु अपने जीवन में श्रेष्ठता लाने पर हमें विचार करना चाहिए। श्रीकृष्ण को मनमोहन अर्थात मन को मोह लेने वाला कहा गया है क्योंकि उनका किसी व्यक्ति, वस्तु, वैभव में मोह नहीं था बल्कि सभी के मन को वे आकर्षित करने में सक्षम थे। कृष्ण शब्द का भी अर्थ है- आकर्षित करने वाला, बुराइयों से छुड़ाने वाला अथवा आनंद स्वरुप। अतः आज आवश्यकता है नवचेतना की, अपने जीवन के नवनिर्माण की, नए एवं उज्ज्वल विचारों की, उस नए वितान में नए तरीके से श्रीकृष्ण का शुभागमन होगा, सुखद आगमन होगा, स्वर्गिक शासन होगा। परमपिता परमात्मा निराकार शिव उसी नवयुग की स्थापना कर रहे हैं जिसमें श्रीकृष्ण पुनः इस सृष्टि पर अवतरित होंगे। दैनिक दिनचर्या में रहते हुए अपने अन्दर छिपे उन तमाम अदृश्य शत्रुओं का एक-एक कर नाश करना होगा। ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि प्रत्येक मनुष्य मनुष्यता को छोड़ आसुरी प्रवृत्तियों के कारण हैवान बनता जा रहा है। राक्षसों का दूसरा कोई रूप नहीं है बल्कि आसुरी प्रवृत्ति के कारण मनुष्य से असुर बन जाता है और दिव्य गुणों के आधार पर देवता अथवा पांडव कहलाता है। श्रीकृष्ण ने सदा पांडवों का साथ दिया।



## खबर संक्षेप



### दमोह कुंडलपुर की यात्रा के लिए ग्राम मुरारिया से ग्रामीण रवाना

**सिरोंज।** पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं कांग्रेस के नेता सुनील जैन मुरारिया अपने साथियों के साथ सागर लोकसभा क्षेत्र की पद यात्रा के साथ पूज्य मुनि श्री निर्णय सागर जी महाराज के आशीर्वाद से ग्राम मुरारिया तहसील लटेरी से सिरोंज, कुरवाई,बीना, खुरई, सागर से दमोह से कुंडलपुर तक यह यात्रा होगी। जिसमे कुंडलपुर के बाबा का अभिषेक, शांतिधारा पूजन आदि की जाएगी।

### पं. संजय मेहता होंगे सम्मानित



सिरोंज। नगर के सिद्ध आश्रम आमाढाना के वरिष्ठ महंत एंव वरिश्ठ रंगकर्मी पं संजय मेहता का 25 अगस्त को अंजनी सभागार में साहित्य अकादमी मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद मध्य प्रदेश शासन द्वारा राज्य और राष्ट्रीय सम्मानों से साहित्य जगत की विभूतियां को सम्मानित किया जाएगा। नाटक के क्षेत्र में सुप्रसिद्ध अभिनेता और निर्देशक संजय मेहता को उनके द्वारा लिखित और प्रकाशित नाटक मरघटा खुला है के लिए हरि कृष्ण प्रेमी सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। मेहता का यह नाटक एक व्यंग नाटक है जो अपने में केंद्रित व्यक्ति पर और समाज पर कटाक्ष करता है वह कहता है कि व्यक्ति ने छोटे-छोटे मरघटे अपने आसपास खोल लिए है शमशान जहां पर व्यक्ति का जीवन खत्म होता है वहां से मनुष्य अपने जीवन की शुरुआत कर रहा है यह नाटक व्यक्ति को चिंतन के लिए मजबूर करता है। इस नाटक को साहित्य अकादमी मध्य प्रदेश शासन द्वारा हरि कृष्ण प्रेमी सम्मान के लिए चुना गया है।

### सेक्टर पथरिया में जगह जगह निकली तिरंगा यात्रा

# हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता कार्यक्रम के तहत नवांकुर संस्था ने निकाली तिरंगा रैली




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था प्याराखेडी जय मां जन सेवा समिति सेक्टर पथरिया अंतर्गत ग्राम प्याराखेडी में देहरी उनारसीताल में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्याराखेड़ी में तिरंगा रैली का प्रारंभ ढोल तासों के साथ टपरा प्याराखेड़ी से प्रारंभ होकर प्याराखेड़ी के मुख्य मार्गों से होते हुए पंचायत भवन प्याराखेड़ी में समापन हुआ। इस मौके पर सरपंच शमीम खां नवांकुर संस्था कार्यक्रम समन्वयक नरेश विश्वकर्मा सचिव सोहेल खान सहित ग्रामीण उपस्थित रहे। इसी तरह नवांकुर संस्था सेक्टर पथरिया अंतर्गत ग्राम देहरी में तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति देहरी से अमीन सादिक उपस्थित रहे। साथ ही ग्राम पंचायत उनारसी ताल में भी नवांकुर संस्था ने निकाली तिरंगा यात्रा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था प्याराखेडी जय मां जन सेवा समिति सेक्टर पथरिया द्वारा ग्राम उनारसीताल में सर्वप्रथम तिरंगा यात्रा शुरू होने से पहले रंगोली बनाई गयी। तत्पश्चात मन्दिर प्रांगण उनारसी ताल से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ हुआ। तिरंगा यात्रा में सभी लोग हाथों में तिरंगा लिये हुए भारतमाता के जयकारों के चल रहे थे। तिरंगा यात्रा ग्राम उनारसीताल के मुख्य मार्गो से होते हुए प्राथमिक शाला उनारसीताल पर समापन हुआ। इस दौरान नवांकुर संस्था प्रभारी देवेंद्र विश्वकर्मा,समाजसेवी राजेश प्रभाकर,संजीव दांगी,देवीसिंह कुशवाह,यशपाल सहित स्कूली बच्चे, शिक्षक, चौकीदार आदि उपस्थित रहे।

## अखिल भारतवर्षीय दिव्य देशना महिला परिषद ने हर्षोल्लास के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस



सिरोंज। अखिल भारतवर्षीय दिव्य देशना महिला परिषद सोमा संभाग द्वारा दिगंबर पारसनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर सिरोंज में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडा वंदन कार्यक्रम कर 79 वा स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें झंडावंदन मुनि श्री निर्णय सागर महाराज जी की माता स्वर्ण लतादेवी एवं प्रतिमा धारी महिलाओं द्वारा झंडावंदन का कार्यक्रम किया गया एवं झंडावंदन कार्यक्रम के बाद मिष्ठान वितरण किया गया। तो वही सभी पुरुष एवं महिला वर्ग ने बढ़ चलकर भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया। उक्त जानकारी महिला मण्डल की अध्यक्ष श्रीमती रानी जैन,उपाध्यक्ष नीतू एवं कोषाध्यक्ष श्रीमती प्रीति वासल,सचिव श्रीमती चारु घेतल द्वारा दी गई।

## जीवदया के नाम पे समाज को जोड़ने का काम करें, तोड़ने का नहीं: हार्दिक हुंडिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोशियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया ने हरिभूमि संवाददाता राजीव जैन सैनानी से चर्चा करते हुए कहा कि कनिष्क अंगुली पे गोवर्धन पर्वत उठाकर हजारों की जान बचाने वाले भगवान श्री कृष्ण का ये देश है। पिता के वचन के खातिर 14 शाल वनवास जाने वाले भगवान श्री राम का ये देश है। जहां खून की धारा बहनी थी वहां दूध की धारा वही ऐसे करुणा के सागर भगवान महावीर का ये देश है। राम की चिड़िया राम का खेत ख़ालो चिड़यिा भर भर पेट ऐसे अबोल जीवो के प्रति अनमोल भाव रखने वाले भगवान गुरु नानक का ये देश है। बिंच्छी का स्वभाव है डंख मारना, लेकिन मनुष्य का स्वभाव है उनको बचाना ये सन्देश देने वाले भगवान पयगंबर का ये देश है। सिर पे काँटाला ताज पहनाया हाथ पैर में खिले ठोकने वाले के लिए भगवान को कहा की हे प्रभु इन्हें माफ़ करो ये बात दुनिया को समझाने वाले भगवान इशू का ये देश है , श्मशान जाते हुये देखकर दुनिया को कहा की कुछ भी साथ आने वाला नहीं ये अनमोल शिख देने वाले भगवान बुद्ध का ये देश है। अनेक महापुरुषों और संतों की भूमि यानी हम सभी का भारत देश है। वही उन्होने कहा कि में हिन्दू हूं,जैन हूं,मुसलमान हूँ,सिख हूँ,इशाई हूँ ज़रूर हूँ लेकिन मैं मेरे धर्म स्थान तक हूं। लेकिन जब हम सभी धर्म के लोग जब एक जगह इकट्ठे होते है तब हम सब भारतीय है। यदि हम सब एक है तो हमारी संस्कृति भी मजबूत होगी तो हम सब मजबूत होगे तो देश में धर्म के नाम जो लड़ाई हो रही है वो नहीं होगी।

कबूतरों के नाम मराठी विरुद्ध जैन का मामला किस ने छेड़ दिया - हार्दिक हुंडीया ने कहा कि जीवदया के नाम पे देश एक है, सभी धर्मो में जीव दया है और शिखाई भी जाती है। अबोल पशुओ के नाम भाई भाई के बीच लड़ाने वाले को भारतीय संस्कृति के जीवदया के पाठ सीखने चाहिये। उन्होने कहा कि भारत संतों और महंतों की भूमि है, यहाँ हर संत धर्म में जीवदया का पाठ शिखाते है । राष्ट्र के कौने कौने से लोग महाराष्ट्र में कमाने आते है,महाराष्ट्र में आने के बाद हमे हमारे मराठी भाईओ का साथ मिला तभी हम सभी ने विकाश किया। जितने हम लोग महाराष्ट्र में सुखी है इतने ही महाराष्ट्रीयन भाई देश के हर राज्य में सुखी है । ह्महम सब खुश इस लिए है की भारत मेरा देश है। जीवदया के नाम गंदी राजनीति ना करे, हमे देश को जोड़ने के काम करने चाहिये । किसी जीव को बचाने की अनमोल भावना रखने वाला इन्शान सभी का भला चाहता है क्युकी वो भारतीय है। आज देश में हिंदुत्व को मानने वाली सरकार है फिर भी गौ माता, कुत्ते और कबूतरों पे मौत की तलवार क्यों लटकी है। गौ माता को राज्य माता तो घोषित कर दिया लेकिन बाद में क्या।

## दांगी क्षत्रिय संघ द्वारा शोभायात्रा का किया गया भव्य स्वागत



**सिरोंज।** श्री कृष्ण जन्म उत्सव के उपलक्षय में यादव समाज द्वारा निकाली गई विशाल शोभायात्रा का नगर के बामौरा रोड पर दांगी क्षत्रिय संघ द्वारा भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना एवं पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर अर्जुन सिंह दांगी, महेंद्र सिंह दांगी, दीवानसिंह दांगी, अरविंद सिंह दांगी, बलराम सिंह दांगी, रघुबीर सिंह दांगी, पहलाद सिंह दांगी, शिवराज सिंह दांगी, युवराजसिंह दांगी, राजासिंह दांगी सहित समाजजन उपस्थित रहे।

## सिरोंज टीम ने फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला जीता



**सिरोंज।** राधौगढ़ में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता में सिरोंज की टीम ने कैप्टन साहिल मंसूरी के नेतृत्व में फाइनल मुकाबला जीतकर सिरोंज का नाम रोशन किया। फाइनल मुकाबले में सिरोंज टीम ने गुना की टीम को हराया। टीम कोच हीफजान पहलवान ने बताया कि सिरोंज की टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं कमेटी द्वारा टीम को ट्रॉफी और मैडल से सम्मानित किया गया।

## भाजपा नेता मान सिंह रघुवंशी ने सांसद दीदी डॉ लता वानखेड़े से राखी बंधवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



भाजपा के वरिष्ठ नेता मान सिंह रघुवंशी सागर पहुचकर क्षेत्रीय सांसद दीदी डॉ लता वानखेडे से राखी बंधवाई। इस अवसर पर सांसद डॉ लता वानखेड़े ने कहा कि रक्षाबंधन भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण त्योहार है। उन्होंने बताया कि यह त्योहार भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को मजबूत करने के साथ-साथ समाज में एकता और सद्भावना का प्रतीक है।

## हिन्दू उत्सव समिति के तत्वावधान में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# प्राचीन श्रीजी मंदिर में हर्षोल्लास से मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली







युग दृष्टा, गीता के ज्ञान के माध्यम से निष्काम कर्मयोग की शिक्षा देने वाली श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव नगर के प्राचीन श्रीजी मंदिर में दो दिन मनाया गया। हिउस के तत्वाधान में मटकी फोड प्रतियोगिता का दो दिन आयोजन हुआ।

चौधरी चौक स्थित प्राचीन श्रीजी मंदिर में रविवार की रात्रि में 12 बजे श्रीकृष्ण के भव्य दिव्य श्रंगार के साथ जन कन्हैया लाल की हाथी घोड़ा पालकी और जयघोष के साथ जन्मोत्सव मनाया गया। दूसरे दिन मंदिर में श्री राधा कृष्ण के दर्शन कर प्रसाद लेने की कृष्ण के भक्तों की भीड़ लगी रही।

### मटकी फोड़ प्रतियोगिता

बडा बाजार के चौक में रविवार को क्षेत्र के विधायक एवं राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने पूजन कर मटकी फोड प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में युवाओं, बच्चों, व्यापारियों की उपस्थिति रही। मटकी फोडने के लिए तीन टीमें सक्रिय बनी रही। हिउस के तत्वाधान में आयोजित दही हांडी प्रतियोगिता का प्रथम पुरूस्कार राशि 21 हजार रू. राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल के पुत्र अभिज्ञान पटेल द्वारा दी गई। बाल समिति हौली चौक, श्री गणेश समिति, रविदास समिति के सदस्यों द्वारा मटकी फोडने का प्रयास किया। श्रीगणेश समिति की टीम को मटकी फोडने में सफलता मिली। विजेता टीम को 21 हजार रू. की पुरूस्कार राशि नपं. अध्यक्ष हेमन्त राजा भैया चौधरी द्वारा वितरित की गई।

हिउस के अध्यक्ष दिनेश बवेले सहित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। दो दिन चली मटकी फोड प्रतियोगिता के दौरान भारी संख्या में युवाओं, व्यापारियों, नागरिकों की उपस्थिति रही।

## सर्वोदय हासे में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस



**बरेली।** नगर की अग्रणी शिक्षक संस्था सर्वोदय हा.से. स्कूल में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ उत्साहपूर्वक स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। भाजपा नेता हरनाम सिंह राजपूत ने ध्वजारोहण किया।

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पर स्कूल में छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। राष्ट्रभक्ति ओतप्रोत कार्यक्रमों की पालकों द्वारा सराहना की जाती रही। विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरूस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। वक्ताओं ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम अंग्रेजों की गुलामी से मिली स्वतंत्रता के संबंध में जानकारियां दी। स्कूल संचालक राघवेन्द्र राजपूत ने सभी अतिथियों का स्वागत और आभार व्यक्त किया।

## शासकीय बालक हासे में राज्यमंत्री ने किया छात्रों को साइकिलों का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

- स्कूल बाउंड्री बॉल के लिए 8 लाख की राशि दी

◆ राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेन ले कहा छात्र विक्रम की पढ़ाई का उठाएंगे खर्च



शासकीय बालक हा.से. स्कूल के छात्र रहे क्षेत्र के विधायक एवं राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने छात्रों को निःशुल्क सादकिलों का वितरण किया। छात्र विक्रम रजक को कक्षा 10वीं में टॉप आने पर स्व. व्याख्याता भोजराज पालीवाल की स्मृति में उनके पुत्र अवनीत पालीवाल की ओर से 11 हजार की नगद राशि ट्राफी प्रदान की।

**उठाएंगे छात्र विक्रम का पढाई खर्च :** कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कहा कि वह इस विद्यालय के छात्र रहे अभी तक नगर से कोई आईएस नहीं बन पाया, कहा कि छात्र विक्रम रजक आईएस बनने की तैयारी करें, संपूर्ण पढाई का खर्च व्यक्तिगत रूप से उठाउंगा। राज्यमंत्री पटेल ने कहा कि स्कूलों के विकास में कमी नहीं आएगी, सारी विधायक निधि स्कूलों के विकास कार्यो में दी जाएगी। बालक हा.से. स्कूल की बाउन्ड्री बॉल के लिए साढे आठ लाख रू. दिए जाने की घोषणा की।

कार्यक्रम में द्वारका प्रसाद उपाध्याय, नपं. अध्यक्ष हेमन्त राजा भैया चौधरी, उपा. नेपाल सिंह राजपूत, अवनीश पालीवाल के साथ अन्यों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। संचालन गिरजेश उपाध्यायने एवं सभी का आभार प्राचार्य के.के.बानी ने व्यक्त किया।

### चुनौतियों का सामना करें

*छात्रों को सम्बौधित करते हुए राज्यमंत्री पटेल ने कहा कि चुनौतियों का सामना करें, असफलता से डरें नहीं कभी निराशा आए तो अपने माता-पिता को याद करें, क्यों कि यह जीवन तुम्हें तुम्हारें माता-पिता ने दिया है। उन्होंने कितना संघर्ष किया होगा याद कर लेना, सभी से गीता पढने और मनन अध्ययन करने का आग्रह किया। और सभी उपस्थित को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी। कार्यक्रम में प्राचार्य के.के. बानी, जन भागीदारीब समिति के अध्यक्ष जेपी ठाकुर, अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा राज्यमंत्री पटेल का आत्मीय स्वागत किया गया।*

## नरसिंह टेकरी मंदिर से श्रीराम दरबार के साथ निकली लवकुश की शोभायात्रा

### शोभायात्रा का स्थान-स्थान पर हुआ स्वागत, मेघावी छात्रों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली




**मेघावी छात्रों का सम्मान -** शिवा गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में कुशवाहा समाज के खुशी लाल कुशवाहा जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कुशवाहा, नपं. अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी के साथ अन्य अतिथियों की उपस्थिति रही। कुशवाहा समाज के मेघावी छात्रों जिन्होंने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए उनका सम्मान कर पुरूस्कृत किया गया।

रविवार को कुशवाहा समाज संगठन द्वारा नरसिंह टेकरी मंदिर प्रांगण से भगवान श्रीराम दरबार, लव-कुश की झांकी के साथ नगर के प्रमुख मार्गो पर शोभायात्रा निकाली, शोभायात्रा में कुशवाहा समाज के महिला-पुरूषों की सहभागिता रही। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्थानों के साथ कुशवाहा समाज के प्रदेश पदाधिकारियों की भी उपस्थिति रही।

बडा बाजार से अश्वारोही दल, हनुमान जी के नृत्य, श्रीराम दरबार, लव-कुश की झांकी के साथ निकली विभिन्न झांकियो के साथ शोभायात्रा का स्थान-स्थान पर धार्मिक श्रद्धालुओं स्वागत पूजन किया जाता रहा। शोभायात्रा में लवकुश द्वारा घोडा पकडने का गीत और नृत्य आकर्षण का केन्द्र बने रहे। व्यापारियों, हिउस, नपं. और विभिन्न संगठनो द्वारा शोभायात्रा का स्थान-स्थान पर स्वागत किया।

### समिति ने जेएस ठाकुर को किया सम्मानित

# निराला समिति के तत्वावधान में हुआ कवि सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली




साहित्यिक, सामाजिक सारोकार और पर्यावरण संरक्षण के लिए 30 वर्षो से नगर एवं क्षेत्र में सक्रिय संस्था श्री निराला साहित्य जन कल्याण समिति द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में रामलीला मैदान में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सेवानिवृत एसडीओपी पीडब्लूडी, समिति के उपाध्यक्ष एवं अयोध्या में अ.भा. किरार क्षत्रिय महासभा धर्मशाला ट्रस्ट के नव निर्वाचित अध्यक्ष जेएस ठाकुर का समिति की ओर से शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

### काव्य रचनाओं का पाठ

माँ सरस्वती की पूजन के साथ प्रारंभ हुए कवि सम्मेलन में समिति अध्यक्ष साहब सिंह धाकड़ एवं संरक्षक सुरेश बिदुआ वरिष्ठ पत्रकार ने समिति की गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी गई। सुरेश बिदुआ ने भोपाल राज्य विलीनीकरण आंदोलन और भोपाल की नबावी के विरूद्ध बरेली में 2, बौरास में 4 शहीद होने की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत भले ही 15 अगस्त को स्वतंत्र हो गया परंतु भोपाल नबाव की गुलामी, अत्याचारों के विरूद्ध हुए संघर्ष विलीनीकरण आंदौलन के बाद 1 जून 1949 को भोपाल स्टेट की जनता को स्वतंत्रता मिली। कवि गोविन्द शर्मा, नन्ही कवियित्री कुशाली साहू, अशोक श्रीवास्तव, देवी जैन, साजिद अंसारी भोपाल, पीयूष पराग पन्ना, रचना गोस्वामी मेरठ, सफर जौनपुरी नागपुर ने काव्य रचनाओं के माध्यम से उपस्थित श्रोताओं को हंसने, कुछ सोचने मजबूर किया जाता रहा।

### जेएस ठाकुर का सम्मान

सेवानिवृत एसडीओपी पीडब्लूडी जेएस ठाकुर जो कि समिति के उपाध्यक्ष भी है। उनके सामाजिक क्षेत्र में दिए जा रहे सहयोग के लिए समिति की ओर से संरक्षक सुरेश बिदुआ, अध्यक्ष साहब सिंह धाकड़, सचिव अवधनारायण सक्सेना, महेन्द्र भावसार, सईद पठान, राजेश साहू विधायक प्रतिनिधी, देवी जैन, प्रेम साहू, नरेश जैन, अनूप जैन, राजेन्द्र चौधरी, भगवानदास राठी इत्यादि द्वारा सम्मान किया गया।

**बदलाव : पुलिस, एम्बुलेंस और फायर बिग्रेड की सुविधा एक ही नंबर पर**

# अब 100 की जगह करना होगा 112 डायल तत्काल 'लोकेशन' पर पहुंचेगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

अब डायल 100 की बजाय डायल 112 कीजिए 15 मिनट बाद लोकेशन पर पहुंचेगी पुलिस। जीपीएस सुविधा से लैस पुलिस वाहन रहेंगे मुस्तैद शहर से लेकर कस्बों गांवों के इलाकों में मिलेगी यह सुविधा। जल्द ही यह वाहन जिले के थानों को और मिलने वाले हैं।

मध्यप्रदेश शासन की नई सौगात के रूप में रायसेन पुलिस को डायल-112 सेवा के 15 हाईटेक वाहन मिलेंगे। इन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस वाहनों से अब आमजन को और तेज एवं प्रभावी सहायता मिल सकेगी।

रायसेन जिले को आवंटित 15 वाहन (12 स्कॉर्पियो और 3 बोलेरो) शामिल हैं। एसपी पंकज पांडेय, एएसपी कमलेश खरपुसे ने वाहनों का निरीक्षण कर उपलब्ध तकनीकी सुविधाओं की जानकारी ली और आपातकालीन उपकरणों को परखा। उन्होंने वाहनों के संचालन के लिए नियुक्त पुलिस बल को आवश्यक प्रशिक्षण देने के निर्देश भी दिए। इसके बाद विधिवत पूजा-अर्चना कर वाहनों को हरी झंडी दिखाकर फ्लैग मार्च जल्द निकाला जाएगा। इस अवसर पर शहरवासियों को नई डायल-112 सेवा के प्रति जागरूक किया जाएगा।

### सभी आपात कालीन सेवाओं की उपलब्धता

*एक ही नंबर 112 पर कॉल करने से सभी सेवाएं एक साथ मिलेंगी। अलग-अलग नंबर याद रखने की जरूरत नहीं होगी। पुलिस, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड के लिए भी इसी नंबर पर कॉल किया जा सकता है। हालांकि पूर्व के टोल फ्री नंबर भी चालू रहेंगे, जैसे 108, 100 डायल पर भी कॉल किया जा सकता है, लेकिन आसान बनाने के लिए 112 नंबर पर कॉल करेंगे तो सभी सेवाएं मिल जाएंगी। क्योंकि यह सेवाएं 112 से लिंक कर दी गई हैं।। अब जिले में किसी भी अपराध, सड़क दुर्घटना या स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी जरूरतमंद के लिए डायल 112 वाहन सुविधा उपलब्ध होगी।*



### जीपीएस सुविधा से लैस होंगे यह पुलिस वाहन

एएसपी कमलेश खरपुसे ने बताया कि जब आप किसी इमरजेंसी हालात में होते हैं तो अपना फोन उठाते हैं और फिर पुलिस एंबुलेंस या फायर ब्रिगेड को अलग-अलग नाम पर फोन लगाकर तत्काल सहायता मांगते हैं लेकिन अब आपको ऐसा नहीं करना होगा अब आपको एक ही नंबर डायल करने पर यह सारी सुविधा मिलेगी अगर आप रायसेन में हैं तो किसी एमरजैंसी सिचुएशन के दौरान डायल करें 112 नंबर पर आपको तुरंत पुलिस एंबुलेंस फायर ब्रिगेड समय तमाम प्रकार की सहायता आपके पास पहुंच जाएंगी। यह इमरजेंसी सुविधा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। आपातकालीन स्थिति में इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम से आप तुरंत जुड़ जाएंगे। 112 नंबर डायल करने के बाद आपके लोकेशन का तुरंत पता लग जाएगा और आपको तुरंत पुलिस की मदद मिलेगी। अपराध दुर्घटना या किसी भी आपदा की स्थिति में मदद के लिए अब डायल 112 डायल करना होगा।

### एसपी करेंगे 112 की मॉनिटरिंग समय पर मिलेगी मदद

*एएसपी ने बताया कि वह खुद भी और एसपी भी इन वाहनों की मॉनिटरिंग करेंगे। प्राथमिकता होगी सूचना देने वाले को जल्द मदद मिले। तत्काल रिस्पांस टाइम 20 से घटाकर 10 मिनट होगा। डायल 100 को बदलकर 112 करने के साथ ही कई बदलाव किए गए हैं। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस वाहन के पहुंचने का रिस्पांस टाइम भी घटाया गया है। वाहनों में पुलिस कर्मी पहले की तरह शिफ्ट में कार्य करेंगे। नए वाहन में भी दो पुलिस कर्मी तथा एक पायलट होगा। नए वाहनों के आने से पहले पुलिस कर्मियों को विशेष ट्रेनिंग दी गई है। कई थानों के क्षेत्रफल बड़े होने की वजह से वाहनों की संख्या बढ़ाई गई है। नए पुलिस वाहनों में कैमरा तथा पुलिस की बॉडी वार्न कैमरा से लैस होंगे।*

**इनका कहना है**

अब 112 डायल करने पर पुलिस वाहन और फायर बिग्रेड सुविधा तुरंत मिलेगी। रायसेन को भी जीपीएस सिस्टम से लैस वाहन जल्द मिलने वाले हैं।

**- कमलेश कुमार खरपुसे,** एएसपी रायसेन

**18 महीने बाद मिला कांग्रेस को मुखिया**

## विधायक देवेंद्र पटेल को बनाया कांग्रेस पार्टी का जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



कांग्रसे के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की मंशानुरूप रायसेन जिले की कमान एक बार फिर पर सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल को नियुक्त किया गया है। कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष बनाए जाने से कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं द्वारा उनका जोरदार स्वागत करते हुए बधाई दी। मालूम हो कि विधायक श्री पटेल एक किसान नेता है और रायसेन जिला कृषि के क्षेत्र में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

विधायक देवेंद्र पटेल ने कहा कि मैं कांग्रेसजनों की अपेक्षाओं पर खरा ऊतरूंगा और जिले की चारों सीटों पर कांग्रेस विजय का परचम फहराएगी। मैं यह भी दावा करता हूं कि कांग्रेस पार्टी को संगठनात्मक दृष्टि से मजबूत करूंगा।

## छात्रावास अधीक्षक पर कार्रवाई की मांग पर अभाविप लामबंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

अनुसूचित जाति उत्कृष्ट बालक छात्रावास के अधीक्षक हरिशरण व्यास पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता लामबंद होने जा रहे है।

अभाविप के भाग प्रमुख जय यादव ने बताया कि सोमवार को कार्यकर्ता कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौपेंगें तथा समय सीमा में कार्रवाई न होने पर आंदोलन का बिगुल भी फूकेगें।

अनुसूचित जाति उत्कृष्ट छात्रावास में रहने वाले छात्र अधीक्षक की तथाकथित कार्यप्रणाली से खासे परेशान है। मीनू अनुसार छात्रों को भोजन नहीं दिया जा रहा है। शिकायत करने पर पुलिस कार्रवाई कराने की धमकी दी जाती है। गौरतलब रहे कि 15 अगस्त की रात्रि को छात्रों की शिकायत पर छात्रावास पहुंचे अभाविप कार्यकर्ताओ से अधीक्षक द्वारा जमकर बहस की गई थी।

**मरीज को छोड़कर आ रही थी एंबुलेंस**

## एम्बुलेंस की स्टेयरिंग फैल होने से पुलिया में जा अटकी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर/दीवानगंज

भोपाल-विदिशा हाईवे पर कर्क रेखा के पास रविवार को छतरपुर से मरीज को छोड़कर भोपाल वापस जा रही एक एम्बुलेंस क्रमांक एमपी 04 डीबी 2833 का अचानक स्टेयरिंग फेल हो गया, जिससे वह अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी पुलिया पर जाकर लटक गई। एम्बुलेंस का अगला हिस्सा पुलिया के ऊपर लटक गया, जिससे हादसा टल गया। चालक समय रहते गाड़ी को रोकने में सफल रहा।

## आरंभ प्ले स्कूल में मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

◆ स्कूली बच्चों ने श्रीकृष्ण का बाल रूप किया धारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



शहर के आरंभ प्ले स्कूल में शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे भगवान कृष्ण के जन्म की खुशी और भव्यता का अनुभव होता है।

एलकेजी के छात्रों ने भगवान कृष्ण राधा मैय्या यशोदा के रूप में तैयार होकर मटकी सजाओ प्रतियोगिता में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। उनकी प्रतिभा रचनात्मकता और कौशल ने सभी लोगों को प्रभावित किया।

नर्सरी और प्ले ग्रुप के छात्रों ने अपनी माताओं के साथ यशोदा मैया और भगवान कृष्ण के रूप में तैयार होकर सुंदर नृत्य प्रस्तुतियां दी। उनकी मासूमियत और खुशी ने सभी का दिल जीत लिया।

इस कार्यक्रम में अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने बच्चों के साथ मिलकर जन्माष्टमी के त्योहार को मनाया। इससे बच्चों और अभिभावकों के बीच के बंधन को और मजबूत करने में मदद मिली।

इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक शाम्भवी चतुर्वेदी सहित स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

**मुख्यमंत्री घोषणाः भव्य श्रीकृष्ण-राधा, रुक्मणी मंदिर के निर्माण के लिए कार्रवाई हुई प्रारंभ**

## महलपुर पाठा पहुंचकर अधिकारियों ने तैयार किया प्रथम स्तरीय प्राक्कलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा जिले के ग्राम महलपुर पाठा में आयोजित कार्यक्रम में भगवान श्रीकृष्ण-राधा, रुकमणि के प्राचीन मंदिर को भव्य स्वरूप देने की घोषणा पर प्रशासन ने तत्परता से कार्य शुरू कर दिया है।

कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा के निर्देशानुसार घोषणा के अगले दिन रविवार को लोक निर्माण विभाग के ईई बीके सूत्रकार, पीआईयू ईई अरविंद पाठक और प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्राम महलपुर पाठा पहुंचकर मंदिर को भव्य स्वरूप देने प्रथम स्तरीय प्राक्कलन तैयार किया। अधिकारियों द्वारा परमार वंश के प्राचीन श्रीकृष्ण मंदिर तथा आसपास के स्थलों का भी भ्रमण किया और मंदिर के पुजारी संत अमृतदास महाराज और गांव के वरिष्ठजनों से भी मंदिर निर्माण की रूपरेखा के संबंध में चर्चा की। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ यादव ने जन्माष्टमी पर जिले के ग्राम महलपुर पाठा में आयोजित 'श्रीकृष्ण पर्व'- "हलधर महोत्सव एवं श्रीकृष्ण प्रकटोत्सव" कार्यक्रम में श्रीकृष्ण के प्राचीन मंदिर को भव्य मंदिर बनाने की घोषणा की थी।

ग्राम महलपुर पाठा में स्थित 13वीं शताब्दी में निर्मित यह ऐसा मंदिर है जहां राधा-कृष्ण और देवी रुक्मणि की मूर्ति एक ही श्वेत पत्थर पर बनी हुई है। इस मंदिर पर लगा एक शिलालेख इसके संवत 1354 अर्थात वर्ष 1297 ई में निर्मित किए जाने की जानकारी देता है।

मंदिर के पास ही प्राचीन किला भी है, जहां परमार वंश के राजाओं का शासन रहा। यह मंदिर भी उसी काल का है। साथ ही मकर संक्रांति पर यहां बड़ा मेला भी लगता है। यहां विष्णु यज्ञ भी होता है। मंदिर के पास स्थित किले में 51 बावड़ियां हैं। पास के जंगल से जैन परंपरा के भगवान आदिनाथ की मूर्ति मिली थी जो अब देवनगर में स्थापित है। मंदिर के पास में शिवलिंग, नंदी, गणेश और नाग देवता सहित नटराज की मूर्तियां हैं।

## जस्सी अटवाल बने हिउस अध्यक्ष

### पदभार संभालते ही समिति को दी एक लाख रू. की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी



नगर में हिन्दु उत्सव समिति के चुनाव हुए, जिसमें सर्वसम्मति से जस्सी अटवाल को अध्यक्ष चुना गया है। इनके अध्यक्ष चुने जाने के वाद उन्होंने एक लाख रुपए की राशि समिति के खाते में जमा कर सौगात दी है।

नगर में हिंदू उत्सव समिति का रजिस्ट्रेशन वर्ष 2006 में हुआ इसमें नगर के सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही दशहरा पर्व मनाने के लिए समिति के संस्थापक सदस्य दो वर्ष के लिए सदस्यों में ही अध्यक्ष का चयन करते थे ।

इस पर उपस्थित समिति सदस्यों के बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता सरदार जोधा सिंह अटवाल ने विचार विमर्श कर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पास तीस बाय पचास का भवन निर्माण करके हिंदू उत्सव समिति के नाम रजिस्ट्री करने का वायदा किया। इसके बाद इस वादे को पूरा करने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा कि जल्द ही हिउस का कार्यालय बनकर तैयार हो जाएगा।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष जस्सी अटवाल को बधाई देने वालों में प्रमुख संस्थापक सदस्य मोहन यादव, सुरेंद्र तिवारी, हरिदयाल बैरागी, जीतमल जैन, राकेश वर्मा, संतोख अटवाल, गुरिंदर अटवाल, मनोज शर्मा, राजू सोनी, मनोज साहू, सरबजीत सिंह अटवाल आदि ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को माला पहनाकर बधाई दी।

## जाहरवीर गोगा नवमीं : छड़ी महोत्सव पर गाजे-बाज़ों के साथ निकला चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



भादौ माह शुक्ल पक्ष की नवमीं को जाहरवीर गोगा नवमीं उत्साह और धूमधाम से मनाई गई। छड़ी महोत्सव का चल समरोह के भगतजी संजय चांवरिया के नेतृत्व में निकाला गया। चल समारोह के प्रमुख सेवादार आदित्य चावला रहे।

रविवार शाम को शहर के गवोईपुरा निकाली, छड़ी महोत्सव शोभायात्रा जब शहर के मुख्य मार्गों से निकाली तो श्रद्धालुओं द्वारा फूल बरसाकर स्वागत। चल समरोह तिपट्टा बाजार, दुर्गा चौक, न्यू मार्केट, माता मंदिर चौराहे, मां भगवती माता मंदिर से होता हुआ महामाया चौक, गंजबाजार, सागर भोपाल तिराहे से होते हुए वापस वार्ड 6 गवोईपुरा पहुंचकर आरती पूजन के साथ समापन हुआ।

इस चल समारोह में वाल्मीकि समाज के पुरुष महिलाओं सहित उस्ताद नरेंद्र चावला, टिकायती मयंक लोहट, विवेक लोहट, प्रभात चावला, तरुण चावला, संजय चावला, दातार चावला, अमित चावला, अभिषेक चावला, चंद्रेश चावरिया, रामसिंह गौहर, साहिल चावला, युवराज चावरिया, अर्पित दिसावरी, प्रदीप गोदिया, अभिनाश बीलबान, अंकित बीलबान, दीपेश परोचे, स्मित लोहट, आदर्श बीलवान, प्रमोद गौहर, विकास पंथी, आकाश वंशकार, महेश धौलपुरे, वीरेंद्र चावला, दीपक धौलपुरे आदि शामिल हुए।

### यह रहे आकर्षण के केंद्र

जाहरवीर गोगा नवमीं पर निकाली छड़ी महोत्सव में देव महादेव और महाकाली की सजीव झांकी के अलावा जय बजरंग अखाड़ा गंजबाजार ऊंटों का नाच पार्टी, ढपला रमतूला दुलदुल घोड़ी पार्टी डीजे ढोल नगाड़े ताशे आदि आकर्षण के केंद्र रहे। इन्होंने कार्यक्रम में रोचक प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में समा बांध दिया। छड़ी महोत्सव में मोरपंखों से बनी छड़ी को एक के बाद एक सेवादार पकड़े हुए हवा में लहराते हुए चल रहे थे।

## हलाली डैम पर पार्टी कर रहे युवकों की कार से अज्ञात बदमाश ले उड़े बैग

**सलामतपुर।** रविवार को हलाली डैम मिनी पचमढ़ी ब्लू वॉटरफॉल घूमने आए लखनऊ, उत्तर प्रदेश के पांच युवकों के साथ बड़ी वारदात हो गई। अज्ञात चोरों ने उनकी कार के गेट का कांच तोड़कर बैग चोरी कर लिए। पीड़ित युवकों के अनुसार, बैग में कपड़े, पैसे, पहचान पत्र और अन्य जरूरी सामान रखा हुआ था, जिसकी चोरी होने से उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

युवकों ने सलामतपुर थाने में पहुंचकर अपनी पीड़ा बताई। पुलिस ने उन्हें बताया कि यह इलाका खामखेड़ा चौकी, जिला विदिशा क्षेत्र में आता है। खामखेड़ा पुलिस चौकी जाने की सलाह दी गई, इसके बाद पीड़ित युवक खामखेड़ा चौकी की ओर रवाना हुए।

**महंगाईः नई फसल आने तक बढ़े रहेंगे हरी सब्जियों के भाव**


## आवक घटने से महंगी हुई सब्जी, बिगड़ा रसोई का बजट

◆ गरीब और मध्यम वर्ग की थाली से गायब हरी सब्जियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मानसून की मार ने एक बार फिर आम आदमी की रसोई को बजट बिगाड़ दिया है। अप्रैल-मई में जो टमाटर 10 रुपए प्रति किलो बाजार में मिल रहा था, वह अब 50 से 60 रुपए प्रति किलो तक बिक रहा है। इसी तरह से सब्जियों के दाम भी बढ़े हुए हैं, इससे उपभोक्ताओं के बजट पर असर पड़ रहा है।

मनमानी का आलम यह है कि शिमला मिर्च, बरबटी, भिंडी जैसी अन्य सब्जी के दाम 60 से 70 रूपए प्रति किलो के भाव पर है। जबकि बीते 15 दिनों में ही टमाटर की कीमतों में 40 से 50 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है, जिससे न सिर्फ आम उपभोक्ताओं की जेब पर बोझ बढ़ा है, बल्कि होटल ढाबों और रेस्टोरेंट संचालकों की लागत में भी इजाफा हुआ है।



सब्जी मंडी के व्यापारियों ने बताया इस बार टमाटर की महंगाई का मुख्य कारण भारी बारिश से फसलों का नुकसान व टमाटर के सीजन का समाप्त हो जाना है। मौसम की मार के चलते अब सब्जी मंडियों में आवक घट गई है। जिससे कीमतें तेजी से बढ़ गई हैं।

### हरि सब्जियों की मंडी में नहीं हो रही आवक

सब्जी आढ़तिया शैतान सिंह अनुराग यादव, कालूराम खत्री, इरफान राइन, गुड्डु राइन, राजेश पंथी पहलवान, संतोष कुशवाह के अनुसार इस समय सब्जी मंडी में हरी सब्जी की आवक कम है, इसलिए भाव तेज चल रहे हैं। टमाटर का थोक भाव 30 से 35 रुपए प्रति किलो है। जबकि खुदरा बाजार में इसकी कीमत 50 से 60 रुपए प्रति किलो तक पहुंच चुकी है। अच्छी गुणवत्ता वाले टमाटर 60 रु. किलो तक बिक रहे हैं। पिछले सप्ताह टमाटर थोक में 30 से 40 रु. किलो बिक रहा था, लेकिन अब 45 रु. के पास पहुंच गया है।

### अभी राहत की संभावना नहीं

फुटकर सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि यदि मौसम इसी तरह रहा और मंडियों में आवक नहीं बढ़ी, तो आने वाले दिनों में सब्जियों के दाम और बढ़ सकते हैं। यहां काबिले गौर करने वाली बात यह है कि टमाटर की यह महंगाई कोई नई बात नहीं है। हर साल बारिश के मौसम में जब पुरानी फसल खत्म हो जाती है और नई फसल तैयार नहीं होती, तब यही स्थिति उत्पन्न होती है। फिलहाल राहत की कोई संभावना नहीं है।

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर यादव समाज ने नगर में निकाली भव्य शोभायात्रा

### सामाजिक संगठनों ने शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर जगह-जगह किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

रविवार को नगर में यादव समाज के द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में समाजजनों के द्वारा सहभागिता की गई। शोभायात्रा कांठिया मंदिर से प्रारंभ हुई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई जमुनिया पुरा स्थित श्रीराम मंदिर पहुंच कर समाप्त हो गया। यहां पर आरती, पूजन तथा प्रसाद का वितरण किया गया। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए।

साजसज्जा युक्त विमान में लड्डू गोपाल की झांकी सजाई गई थी जो मुख्य आकर्षण रही। भक्तों द्वारा भगवान लड्डू गोपाल की पूजा, अर्चना की गई। शोभायात्रा का नगर परिषद कार्यालय के सामने पहुंचने पर नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक, मोनू मतांबर, पार्षद प्रदीप कुशवाहा द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वगत किया। यहां पर भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा की पूजा, अर्चना, आरती भी की गई। इसके अतिरिक्त शोभा यात्रा मार्ग पर बनाए गए मंचो से नगर के समाजसेवियों के द्वारा चल समारोह का स्वागत किया गया।



### डीजे पर झूमें युवा

चल समारोह में शामिल डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों पर युवा भाव विभोर होकर नृत्य कर रहे थे। चल समारोह में नृत्यांगनाएं आकर्षक अंदाज में ढोलक, हारमोनियम, ढोल मंजीरों की थाप पर नृत्य की प्रस्तुति दे रही थी।